भारत सरकार
योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *354**

दिनांक 18 मार्च, 2020 को उत्तर देने के लिए

**आकांक्षी जिले**

***354. श्री महेश साहू:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में आकांक्षी जिलों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) ओडिशा में आकांक्षी जिलों में क्या परियोजनाएं चलाई जा रही हैं;
(ग) क्या सरकार का विचार आकांक्षी जिलों की सूची में और अधिक जिलों को सम्मिलित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार अंगुल जिले को ओडिशा में आकांक्षी जिले के रूप में सम्मिलित करने पर विचार कर रही है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय**
**तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**'आकांक्षी जिले' के संबंध में 18 मार्च, 2020 को श्री महेश साहू द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर के लिए लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या *354 के भाग के उत्तर में संदर्भित विवरण। (क) से (घ)**

(क): देश में 112 आकांक्षी जिले हैं। आकांक्षी जिलों की राज्यवार सूची अनुलग्नक -I में संलग्न है।

(ख): चालू आकांक्षी जिला कार्यक्रम एक अतिरिक्त पहल के स्वरूप में है जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकारों की मौजूदा योजनाओं के बीच अभिसरण की परिकल्पना की गई है। हालांकि, प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण अंतरालों को पाटने के उद्देश्य से, चुनौतीपूर्ण मार्ग पर अतिरिक्त आवंटन की भी परिकल्पना की गई है। प्रति माह, मासिक प्रगति के आधार पर जिलों का मूल्यांकन किया जाता है और पांच क्षेत्रों में से प्रत्येक में समग्र दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों की पहचान की जाती है। समग्र दृष्टि से प्रथम और द्वितीय रैंक वाले जिलों को क्रमशः 10 करोड़ रुपये और 5 करोड़ रुपये प्रदान किए जाते हैं। पाँचों क्षेत्रों में से प्रत्येक में पहले रैंक वाले जिले को 3 करोड़ रुपये प्रदान किए जाते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत से इस व्यवस्था के तहत, गजपति जिले ने वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, कृषि और जल संसाधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी रैंक हासिल की है। यह जिला वित्तीय समावेशन में विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहा है। बालंगीर, ढेंकनाल, कालाहांडी, कंधमाल, नबरंगपुर, नुआपाड़ा, कोरापुट और मलकानगिरी जिलों ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी रैंक हासिल की है और अतिरिक्त आवंटन के लिए पात्र बन गए हैं। योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, जिलों को नवाचार परियोजनाओं की सूची तैयार करनी है। तदनुसार, वर्तमान में ये जिले कार्यक्रम अर्थात स्वास्थ्य, पोषण, स्कूली शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास आदि पर ध्यान केंद्रित किए जाने वाले क्षेत्रों में परियोजना संबंधी प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं।

(ग): वर्तमान में, आकांक्षी जिलों की सूची में और अधिक जिलों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। हालांकि, सभी राज्यों को जिला और ब्लॉक स्तर पर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के टेम्पलेट को दोहराने की सलाह दी गई है।

(घ): जी नहीं। जैसाकि ऊपर (ग) में कहा गया है, वर्तमान में इस कार्यक्रम में किसी भी अतिरिक्त जिले को शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

अनुलग्नक - I

## राज्य-वार 112 आकांक्षी ज़िलों की सूची

| आकांक्षी जिलों की सूची 112 | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | ज़िला | जिलों की संख्या |
| 1 | आंध्रप्रदेश | विज़ियनगरम | 3 |
| 2 | आंध्रप्रदेश | विशाखापत्तनम | |
| 3 | आंध्रप्रदेश | वाईएसआर कडपा | |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | नमसाई | 1 |
| 5 | असम | ग्वालपाड़ा | 7 |
| 6 | असम | बारपेटा | |
| 7 | असम | हैलाकांडी | |
| 8 | असम | बक्सा | |
| 9 | असम | दरांग | |
| 10 | असम | उदालगुड़ी | |
| 11 | असम | धुबरी | |
| 12 | बिहार | सीतामढ़ी | 13 |
| 13 | बिहार | अररिया | |
| 14 | बिहार | पूर्णिया | |
| 15 | बिहार | कटिहार | |
| 16 | बिहार | मुजफ्फरपुर | |
| 17 | बिहार | बेगूसराय | |
| 18 | बिहार | खगड़िया | |
| 19 | बिहार | बांका | |
| 20 | बिहार | शेखपुरा | |
| 21 | बिहार | औरंगाबाद | |
| 22 | बिहार | गया | |
| 23 | बिहार | नवादा | |
| 24 | बिहार | जमुई | |
| 25 | छत्तीसगढ़ | कोरबा | 10 |
| 26 | छत्तीसगढ़ | राजनंदगांव | |
| 27 | छत्तीसगढ़ | महासमुंद | |
| 28 | छत्तीसगढ़ | कांकेर | |
| 29 | छत्तीसगढ़ | नारायणपुर | |
| 30 | छत्तीसगढ़ | दंतेवाड़ा | |
| 31 | छत्तीसगढ़ | बीजापुर | |
| 32 | छत्तीसगढ़ | बस्तर | |
| 33 | छत्तीसगढ़ | कोंडागांव | |
| 34 | छत्तीसगढ़ | सुकमा | |
| 35 | गुजरात | दाहोद | 2 |
| 36 | गुजरात | नर्मदा | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | हरियाणा | मेवात | 1 |
| 38 | हिमाचल प्रदेश | चंबा | 1 |
| 39 | जम्मू और कश्मीर | कुपवाड़ा | 2 |
| 40 | जम्मू और कश्मीर | बारामूला | |
| 41 | झारखंड | गढ़वा | 19 |
| 42 | झारखंड | चतरा | |
| 43 | झारखंड | गिरिडीह | |
| 44 | झारखंड | गोड्डा | |
| 45 | झारखंड | साहिबगंज | |
| 46 | झारखंड | पाकुड़ | |
| 47 | झारखंड | बोकारो | |
| 48 | झारखंड | लोहरदगा | |
| 49 | झारखंड | पूर्वी सिंहभूम | |
| 50 | झारखंड | पलामू | |
| 51 | झारखंड | लातेहार | |
| 52 | झारखंड | हजारीबाग | |
| 53 | झारखंड | रामगढ़ | |
| 54 | झारखंड | दुमका | |
| 55 | झारखंड | रांची | |
| 56 | झारखंड | खूंटी | |
| 57 | झारखंड | गुमला | |
| 58 | झारखंड | सिमडेगा | |
| 59 | झारखंड | पश्चिमी सिंहभूम | |
| 60 | कर्नाटक | रायचूर | 2 |
| 61 | कर्नाटक | यादगीर | |
| 62 | केरल | वायनाड | 1 |
| 63 | मध्यप्रदेश | छतरपुर | 8 |
| 64 | मध्यप्रदेश | दमोह | |
| 65 | मध्यप्रदेश | बड़वानी | |
| 66 | मध्यप्रदेश | राजगढ़ | |
| 67 | मध्यप्रदेश | विदिशा | |
| 68 | मध्यप्रदेश | गुना | |
| 69 | मध्यप्रदेश | सिंगरौली | |
| 70 | मध्यप्रदेश | खंडवा | |
| 71 | महाराष्ट्र | नंदुरबार | 4 |
| 72 | महाराष्ट्र | वाशिम | |
| 73 | महाराष्ट्र | गडचिरौली | |
| 74 | महाराष्ट्र | उस्मानाबाद | |
| 75 | मणिपुर | चंदेल | 1 |
| 76 | मेघालय | रिभोई | 1 |
| 77 | मिज़ोरम | मामित | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 78 | नगालैंड | किफाइर | 1 |
| 79 | ओडिशा | ढेंकनाल | 10 |
| 80 | ओडिशा | गजपति | |
| 81 | ओडिशा | कंधमाल | |
| 82 | ओडिशा | बालंगीर | |
| 83 | ओडिशा | कालाहांडी | |
| 84 | ओडिशा | रायगढ़ | |
| 85 | ओडिशा | कोरापुट | |
| 86 | ओडिशा | मल्कानगिरी | |
| 87 | ओडिशा | नवरंगपुर | |
| 88 | ओडिशा | नुआपाड़ा | |
| 89 | पंजाब | मोगा | 2 |
| 90 | पंजाब | फिरोजपुर | |
| 91 | राजस्थान | धौलपुर | 5 |
| 92 | राजस्थान | करौली | |
| 93 | राजस्थान | जैसलमेर | |
| 94 | राजस्थान | सिरोही | |
| 95 | राजस्थान | बारन | |
| 96 | सिक्किम | पश्चिम सिक्किम | 1 |
| 97 | तमिलनाडु | विरुधुनगर | 2 |
| 98 | तमिलनाडु | रामनाथपुरम | |
| 99 | तेलंगाना | आसिफाबाद | 3 |
| 100 | तेलंगाना | भोपापल्ली | |
| 101 | तेलंगाना | भद्राद्रि कोठागुडेम | |
| 102 | त्रिपुरा | धलाई | 1 |
| 103 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट | 8 |
| 104 | उत्तर प्रदेश | फतेहपुर | |
| 105 | उत्तर प्रदेश | बहराइच | |
| 106 | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती | |
| 107 | उत्तर प्रदेश | बलरामपुर | |
| 108 | उत्तर प्रदेश | सिद्धार्थ नगर | |
| 109 | उत्तर प्रदेश | चंदौली | |
| 110 | उत्तर प्रदेश | सोनभद्र | |
| 111 | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | 2 |
| 112 | उत्तराखंड | हरिद्वार | |
| | कुल | | 112 |

*****